हिंदी दैनिक

**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, सोमवार, 16 दिसंबर 2024

## वांछित चोर को पुलिस ने पकड़ा

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच की चेन स्नेचिंग टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान चोरी के घर फोड़ी और डकैती के प्रयास के मामलों में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया यह आरोपी राजहंस उर्फ राजेंद्र भेदे (30) अंबे नगर, पारडी निवासी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम क्राइम ब्रांच की टीम अजनी परिसर में गस्त कर रही थी। इस दौरान उन्हें इस आरोपी के परिसर में घूमने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेरा डालकर राजहंस को हिरासत मे लिया। पूछताछ में उसने अजनी परिसर में साल 2023 में एक घरफोड़ी और बेलतरोडी पुलिस थाना अंतर्गत साल 2020 में डकैती के प्रयास के मामले में शामिल होने की जानकारी दी। उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए अजनी पुलिस के हवाले किया गया है।



























# जल समस्या पर समीक्षा बैठक

> विधायक मेश्राम ने दिये त्वरित समाधान के निर्देश

**उमरेड.**



उमरेड पंचायत समिति सभागृह में जल आपूर्ति और जल समस्या के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उमरेड विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक संजय मेश्राम ने की। इसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने अपने-अपने गांव की जल समस्याओं को रखा। बैठक के दौरान विधायक मेश्राम ने उमरेड पंचायत समिति के ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति को व्यवस्थित करने के लिए जरूरी उपायों पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल समस्या के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में उमरेड पंचायत समिति की सभापति गीतांजलि नागभिडकर, जिला परिषद सदस्य वंदना बालपांडे, पंचायत समिति सदस्य पुष्कर डांगरे, प्रियंका लोखंडे और जयश्री देशमुख उपस्थित रहे। इसके अलावा उमरेड तहसील कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवदास कुकडकर, गटविकास अधिकारी नितेश माने, उमरेड तहसीलदार मनोहर चव्हाण, बेला ग्राम पंचायत सरपंच अरुण बालपांडे, सिर्सी ग्राम पंचायत सरपंच वंदना बुटे, पांचगांव ग्राम पंचायत सरपंच चेतन फटिंग और नवेगांव साधु ग्राम पंचायत सरपंच योगीता वैद्य सहित बड़ी संख्या में सरपंच, उपसरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्रामीण और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ठक का प्रास्ताविक गटविकास अधिकारी नितेश माने ने किया। उन्होंने बताया कि इस समीक्षा बैठक का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में जल समस्या का समाधान सुनिश्चित करने और जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में ग्रामीणों को जल समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। संबंधित ग्रामीणों ने इस बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए विधायक मेश्राम के निर्देशों की सराहना की।




## पुलिस ने दिया होर्डिंग लगाकर नायलॉन धागे से दुष्परिणाम का संदेश

कामठी. नया कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे एवं जूना कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न चौराहों व सार्वजनिक क्षेत्रों में नायलॉन धागे, चीनी धागे या मांझा और चीनी लालटेन के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने समेत कई निर्देश जारी किए है, जिन्हें लोगों तक पहुंचाया जा रहा है. उपरोक्त दोनों पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि आदेश के अनुसार, नायलॉन पतंग के मांझे का उपयोग, बिक्री और भंडारण करने वाले लोगों पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 5/15 के तहत गुनाह है एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवहेलना) के तहत जुर्माना लगाया जाएगा.



## आदिवासी विद्यार्थियों की शिक्षा में सुधार लाएगी 'गुरुशाला' पहलः गुंडे

**वर्धा.** आदिवासी विकास विभाग ने अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है। इस पहल का नाम 'गुरुशाला' है, जिसे प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, नई दिल्ली के सहयोग से लागू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सरकारी आश्रम विद्यालयों के छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करेगा। इस बारे में जानकारी आदिवासी विकास विभाग की आयुक्त नयना गुंडे ने दी।

प्रदेश में आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत 497 शासकीय आश्रम शालाएं संचालित हैं, जिनमें लगभग दो लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन छात्रों के शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए 'गुरुशाला' पहल को लागू किया गया है। इस पहल के लिए विभाग ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ तीन वर्षों का समझौता ज्ञापन किया है। तीन चरणों में लागू होगी 'गुरुशाला' पहल 1. पहला चरणः विद्यार्थियों का शैक्षणिक मूल्यांकन किया जाएगा। 2. दूसरा चरणः शिक्षकों को क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 3. तीसरा चरणः विद्यालयों के अधीक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को बेहतर शिक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी, जिससे पढ़ाई आसान और अधिक प्रभावी होगी। मॉडल स्कूल प्रतियोगिता में 287 प्रोजेक्ट हुए चयनित 'गुरुशाला' पहल के तहत शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए मॉडल स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 497 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 287 परियोजनाएं अगले चरण के लिए चुनी गईं। इनमें: नासिक आयुक्तालय से 100, ठाणे आयुक्तालय से 91, नागपुर आयुक्तालय से 56, और अमरावती आयुक्तालय से 40 परियोजनाएं शामिल हैं। पहल से बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता नयना गुंडे ने विश्वास जताया कि 'गुरुशाला' पहल से आश्रम विद्यालयों के छात्रों और शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल बनेगा। यह पहल न केवल शिक्षा को सरल बनाएगी, बल्कि छात्रों में बुनियादी कौशल का भी विकास करेगी। परिणामस्वरूप, आश्रम स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर में सुधार होगा।

# बावनकुले को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर मनाया जश्न

## मिठाइयां बांटी, आतिशबाजी कर व्यक्त की खुशी

**कामठी.**

महायुति की सरकार में कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शपथ ग्रहण की. कामठी के लोकप्रिय विधायक चंद्रशेखर बावनकुले को महायुति सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर है. इसे लेकर रविवार की संध्या पर मिठाइया बांटी गई एवं जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाई गई. उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि कामठी - मौदा विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमारे विधायक चंद्रशेखर बावनकुले को मुख्यमंत्री देवेंद्र जी फडणवीस ने कैबिनेट में अपने सहयोगी के रूप में रखा है. उन्हें आगे भी लोगों की सेवा करने का अवसर देवेंद्र फडणवीस ने दिया है.



बधाई देने वालों में भाजपा के ज़िला महामंत्री व ज़िला परिषद के पूर्व विपक्ष नेता अनिल निधान, ज़िला कोषाध्यक्ष व अग्रवाल भवन समिति अध्यक्ष अजय अग्रवाल, तालुका अध्यक्ष व पंचायत समिति सदस्य उमेश रड़के, ज़िला परिषद सदस्य मोहन माकड़े, बरिएमं ज़िला महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, ज़िला सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, ज़िला व्यापार आघाड़ी संयोजक रवि गोयल, भाजपयुमो महाराष्ट्र प्रदेश सचिव चेतन खडसे, छावनी परिषद मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव, मा.शहर अध्यक्ष चंद्रशेखर तूप्पट, शहर महामंत्री विनोद संगेवार, शहर महामंत्री विजय कोंडुलवार, भाजपयुमो ज़िला सहसंयोजक सोशल मीडिया आशुतोष अवस्थी, रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, ज़िला समन्वय समिति सदस्य डॉ. महेश महाजन, पंचायत समिति पूर्व उपसभापति देवेंद्र उर्फ बालू गवते, अल्पसंख्यक सेल के ज़िला अध्यक्ष मोहसिन मोबिन पटेल, तालुका अध्यक्ष अफ़सर खान, व्यापार आघाड़ी तालुका अध्यक्ष उमेश मस्के, बरिएमं के शहर अध्यक्ष दीपांकर गणवीर, छावनी क्षेत्र अध्यक्ष व छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लांजेवार, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक सीरिया, पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश स्वामी, छावनी क्षेत्र भाजपा अध्यक्ष व छावनी परिषद पूर्व पार्षद किरण दिनेश स्वामी, पूर्व पार्षद प्रमेंद्र यादव, अखिल भारतीय तैलिक शाहू महासभा संगठन सचिव व श्री संताजी नवयुवक मंडल महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष सुभाष श्रीराम घाटे, खैरी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच व सरपंच परिषद संगठना विदर्भ कार्याध्यक्ष बंडू कापसे, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य जयप्रकाश उर्फ बबलु तिवारी, भाजपयुमो तालुका महामंत्री व रणाला ग्राम पंचायत सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, रणाला ग्राम पंचायत सदस्य आमिर ख़ान, सदस्य स्वप्नील फुकटे, भीलगांव पूर्व अध्यक्ष व डीआरएल कंस्ट्रक्शन संचालक प्रशांत नायडू, भीलगांव अध्यक्ष भास्कर भनारे, रणाला अध्यक्ष सुनील मोहोड़, युवा नेता राजेश पिपरेवार, सहित श्री शिव पंचायतन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकांत सीरिया, उपाध्यक्ष रामेश्वर बावनकर, उपाध्यक्ष उदय सीरिया, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव व भाजपा शहर महामंत्री विनोद संगेवार, सहसचिव माणिक बावनकर, कोषाध्यक्ष बलराज नामपल्लीवार, सदस्य मोहन शाहू, सदस्य होनाजी बोधमांगे, सदस्य हरीश सीरिया, सदस्य गोपाल यादव, सदस्य राहुल संगेवार आदि गणमान्यों का समावेश है.

### लोगों ने कहा

यह कामठी-मौदा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। चंद्रशेखर बावनकुले ने हमेशा जनता के हित में काम किया है और उनके अनुभव का लाभ अब पूरे राज्य को मिलेगा।

# शुभम पासरकर ने सोनू को दिया नया जीवन

> मानसिक रोगियों की सेवा में मिसाल कायम की



**हिंगनघाट.** हम अक्सर सड़कों पर बेसहारा, भिखारी और मानसिक रूप से बीमार लोगों को देखते हैं, लेकिन दुर्गंध, गंदगी और उनके हालात देखकर उनसे दूरी बना लेते हैं। ऐसे लोगों की देखभाल करना, उनके घावों पर मरहम लगाना और उन्हें सम्मानजनक जीवन देना एक बड़ा काम है, जिसे करने का बीड़ा हिंगणघाट के शुभम पासरकर ने उठाया है। शुभम पासरकर ने मानसिक रूप से बीमार लोगों के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया है। उनकी पहल पर हिंगणघाट की सोनू नाम की महिला, जो मनोरोग से ग्रसित थी, को 2 महीने के उपचार के बाद नई जिंदगी मिली। शुभम ने उसे रेस्क्यू कर दिव्य वंदना आधार फाउंडेशन में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज हुआ। चिमूर के शुभम ने 17 साल की उम्र में मानसिक रोगियों की सेवा करना शुरू किया और पिछले 6 सालों से इस काम को निस्वार्थ भाव से कर रहे हैं। उन्होंने जामगांव में बुजुर्ग, निराश्रित और मानसिक रूप से बीमार लोगों के लिए दिव्य वंदना आधार फाउंडेशन के तहत पुनर्वास केंद्र शुरू किया है। शुभम और उनकी टीम सड़कों पर घूमने वाले मानसिक रोगियों को आश्रम में लाकर उनकी देखभाल करते हैं। वे मरीजों की कटिंग, शेविंग, नहलाना और उनके घावों की मरहम-पट्टी तक खुद करते हैं। उनकी सेवाओं के जरिए 50 से अधिक मरीजों को उनके परिजनों से मिलाया गया है। उन्होंने अब तक 1000 से अधिक मानसिक रोगियों को राहत पहुंचाई है। शुभम ने अपने खर्च पर एक एम्बुलेंस खरीदी है, जिसे वे खुद चलाकर मरीजों को अस्पताल तक ले जाते हैं। उन्होंने नागपुर नगर निगम और केंद्र सरकार के भिक्षेकारी सदनों में भी काम किया है।

**निस्वार्थ सेवा की मिसाल**

आज जब कई संस्थाएं सिर्फ लाभ के लिए काम करती हैं, शुभम बिना किसी स्वार्थ के इन मानसिक रोगियों की सेवा में जुटे हैं। उनकी संस्था मरीजों को न केवल देखभाल देती है, बल्कि उनके लिए भोजन, दवाई और इलाज की सुविधा भी मुफ्त उपलब्ध कराती है। जहां समाज का नजरिया खत्म होता है, वहीं से शुभम का काम शुरू होता है। उनकी मेहनत और निस्वार्थ सेवा को सलाम।

## बरिएमं ने किया मुख्यमंत्री फडणवीस का स्वागत

**कामठी.**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेन्द्र फड़णवीस पहली बार आज रविवार प्रातः 11 बजे डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, उस अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा परिसर में बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच (बरिएमं) की संस्थापक एवं पूर्व राज्य मंत्री एड.सुलेखा कुंभारे द्वारा मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस का शॉल एवं तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक चंद्रशेखर बावनकुले प्रमुखता से मौजुद रहें. इस मौके पर



बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के विदर्भ महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, नागपुर जिला अध्यक्ष संदीपदादा कांबळे, दिपक सिरीया, विष्णु ठवरे, महेंद्र थुल, अरविंद वाळके, रवि रंगारी, विलास चंदनखेडे, नरेंद्र चव्हाण, उदास बंसोड, सुभाष सोमकुवर, दिपंकर गणविर, चंदु लांजेवार, विलास बंसोड, अशपाक कुरेशी, अंकुश बांबोर्डे, अनुभव पाटील, मनीष डोंगरे, नंदा गोडघाटे, सावला सिंगाडे, विशाखा गेडाम, रजनी गजभिए, उषा भावे, रेखा पाटील, सुशील तायड़े आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भी स्वागत किया गया.




## केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस

**कामठी.**

हमारे पीएम. केंद्रीय विद्यालय कामठी में 62वां केंद्रीय विद्यालय स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ शनिवार को मनाया गया. इस उपलक्ष्य में भूतपूर्व छात्र -छात्राएं एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया. अतिथियों के स्वागत के पश्चात छात्राओं द्वारा के. वि.गीत पर एक मनोहर नृत्य प्रस्तुत किया गया. तत्पश्चात अतिथियों द्वारा केंद्रीय विद्यालय से जुड़ी सुनहरी यादों को साझा करते हुए छात्रों में एक नवीन ऊर्जा एवं प्रेरणा का संचार किया गया. इसके बाद विद्यालय की छात्राओं द्वारा आदिवासी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई. संगीत समूह द्वारा महाराष्ट्र का सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राथमिक विभाग द्वारा बाल मेले का आयोजन भी किया गया. जिसमें खाने-पीने, खेल, मनोरंजन आदि से संबंधित अनेक अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया. विद्यालय के समस्त छात्र- छात्राओं और शिक्षकों ने मेले में उत्साहपूर्ण सहभागिता की. विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र रामटेके और मुख्याध्यापक अजय नासरे के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण कार्यक्रम हर्षोल्लास सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम के अंत में गोपाल चौधरी द्वारा आभार प्रदर्शन व्यक्त किया गया.

## कवि एस. आर. शेंडे नागपुर में हुए सम्मानित

> पुस्तक विमोचन
> साहित्य समारोह संपन्न

**सौंसर.**

नागपुर के हिंदी साहित्य सम्मेलन सभागार में क्रांतिकारी कवि एस.आर. शेंडे के मुख्यातिथ्य एवं मार्गदाता पत्रिका के संपादक दिलेश मेश्राम की अध्यक्षता में प्रख्यात आम्बेडकरी चिंतक एवं कवि मनोहर गजभिये द्वारा लिखित " दायित्व का एहसास " एवं " प्रवास धारा " किताबों का प्रकाशन समारोह सम्पन्न हुआ। भारत के नामवंत साहित्यकारों की उपस्थिति में आयोजित गरिमामयी साहित्यिक समागम समारोह में डॉ. विजय पाटील, विद्या भोरजारे, दिलेश मेश्राम, मनोहर गजभिए के साथ राष्ट्रपति से पुरस्कृत क्रांतिकारी कवि एस.आर.शेंडे को उनके साहित्यिक,शैक्षणिक,सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए शाल स्मृति चिन्ह,गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया । पुस्तक प्रकाशन सह साहित्यिक समागम समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से पधारे साहित्यकार सर्वश्री नरेश पाटील,हरिदास कोसारे, गोरखनाथ भेले, योगेश भोवते, शाहीर सूर्यभान शेंडे, जगदीश राऊत, भोला सरवर, शालिक जिल्हेकर, माणिकराव खोबरागड़े, दिवाकर शिर्के, संजय गोडघाटे,डॉ.भूषण भसमे,शेखर निमसरकर सहित सभी वरिष्ठ साहित्कारों ने आयोजक, कवि, लेखक मनोहर गजभिये को हार्दिक शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं की।





## विकास पब्लिक स्कूल में गायन प्रतियोगिता संपन्न

**नागपुर.**

जानकी नगर स्थित जानकी शिक्षण संस्था द्वारा संचालित विकास पब्लिक स्कूल में 14 दिसंबर को भव्य गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में जानकी शिक्षण संस्था के सचिव गुणवंतराव इंगोले और अध्यक्ष चंदा इंगोले उपस्थित थे। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में मिस्टर प्रिंस चंद्रकांत मीरुगवार ने अपनी भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या छाया भगत ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उद्घाटन के दौरान उपस्थित अतिथियों ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा तैयार किए गए वातावरण की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। गायन प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने गायन से छात्रों ने न केवल दर्शकों बल्कि निर्णायकों से भी खूब प्रशंसा बटोरी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम का संचालन लीना रंजीत समरीत ने कुशलतापूर्वक किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## समुद्रपुर पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

### 2.10 लाख रुपये का माल जब्त

**हिंगनघाट.** नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर हल्दीराम होटल के पास समुद्रपुर पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कार सहित 2,10,400 रुपये का माल जब्त किया है। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। समुद्रपुर थाना प्रभारी संतोष शेगावकर को गुप्त सूचना मिली थी कि राजमार्ग पर अवैध शराब की ढुलाई हो रही है। इस जानकारी के आधार पर उन्होंने अपनी टीम के साथ हल्दीराम होटल के पास वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान वाहन से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से कार और शराब को जब्त कर लिया और इस मामले में अमर अशोक सुनके (33), निखिल प्रमोद काटकर (27), अविनाश नवरखेडे (फर्क) – तीनों हिंगनघाट निवासी, जिला वर्धा – और नागपुर के एक बार मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कुमार कवड़े, और उप-विभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के निर्देश पर की गई। थाना प्रभारी संतोष शेगावकर के नेतृत्व में डीबी टीम के पुलिस कर्मचारी रामदास चकोले, प्रकाश मैंद, कपिल मेश्राम और संजय वानखेडे ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।



# स्कूल में कैसे पहुंचा एक्सपायर्ड तेल, गहन जांच की मांग


## स्कूल पोषाहार विषबाधा मामला | प्रिंसिपल निलंबित; आपूर्तिकर्ताओं और अधीक्षकों पर सवाल?

**हिंगनघाट.**

हिंगनघाट के वाघोली स्थित जिला परिषद स्कूल में फूड पॉइजनिंग के कारण छात्रों और शिक्षकों की हालत बिगड़ गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि एक्सपायर्ड तेल के इस्तेमाल के कारण विषबाधा हुई। इसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया। लेकिन अधीक्षक अशोक कोडापे, जो इस पोषण आहार की आपूर्ति और नियंत्रण की जिम्मेदारी संभालते हैं, पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? यह सवाल उठ रहा है।

वाघोली के जिला परिषद स्कूल में कुल 87 छात्र नामांकित हैं, जिनमें सोमवार को 85 छात्र उपस्थित थे। विद्यार्थियों को पोषाहार में मोट और खिचड़ी परोसी गई। नियमानुसार, इस आहार को पहले प्रिंसिपल और शिक्षकों ने खाया और फिर विद्यार्थियों को दिया गया। लेकिन इसके बाद, मंगलवार से शिक्षकों और छात्रों की तबीयत खराब होने लगी। मंगलवार की सुबह से ही दो शिक्षकों समेत कुल 57 छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हालांकि, अब सभी छात्रों का इलाज कर उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

शिक्षकों का कहना है कि सप्लायर अधिकारियों के संरक्षण में काम कर रहे हैं और उन पर कार्रवाई करने से बचा जा रहा है। शिक्षकों के अनुसार, सप्लायर "माल ले लो, नहीं तो छोड़ दो" जैसी भाषा का प्रयोग करते हैं। सवाल यह है कि क्या अधीक्षक अशोक कोडापे के रहते निष्पक्ष जांच संभव होगी?




### शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

विषबाधा मामले की प्रारंभिक जांच हिंगनघाट पंचायत समिति की समूह शिक्षा अधिकारी अलका सोनवाने, विस्तार अधिकारी, और प्रभारी पोषण अधीक्षक अशोक कोडापे द्वारा की गई। उनकी रिपोर्ट के आधार पर प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया और विद्यालय के सभी शिक्षकों, रसोइयों एवं सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### प्रारंभिक जांच में एक्सपायर्ड तेल की पुष्टि

जांच में सामने आया कि विषबाधा का कारण एक्सपायर्ड सोयाबीन तेल का उपयोग था। इस कारण प्रिंसिपल अरुण पोहाणे को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितिन रहमान ने निलंबित कर दिया और उन्हें समुद्रपुर पंचायत समिति में बने रहने का आदेश दिया गया है।

### तीन सदस्यीय कमेटी करेगी जांच

घटना की गहन जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसमें समूह शिक्षा अधिकारी, विस्तार अधिकारी और लेखा अधिकारी शामिल होंगे। प्राथमिक शिक्षा अधिकारी डॉ. नीतू गवांडे ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निलंबन रद्द करने की मांग

विषबाधा के बाद प्रिंसिपल अरुण पोहाणे के निलंबन से ग्रामीण आक्रोशित हैं। वाघोली के निवासियों ने प्रिंसिपल का निलंबन रद्द करने और दोषी पोषण अधीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अभिभावकों ने विधायक समीर कुणावर से मुलाकात कर चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

**अधीक्षक की लापरवाही पर सवाल**

विद्यालय पोषाहार योजना के तहत अधीक्षकों को अनाज भंडार और गुणवत्ता की नियमित जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन यह मामला अधीक्षक अशोक कोडापे की लापरवाही को उजागर करता है। उनका विद्यालय में दौरा और निरीक्षण न करना, गंभीर चूक है। ग्रामीणों ने सप्लायर और अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग की है।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे
ngpms2019@gmail.com

### सतीश नामदेव गुहे



**नागपुर.** भाग्यश्री लेआउट, त्रिमूर्ति नगर निवासी सतीश नामदेवराव गुहे का अल्प बीमारी के बाद 15 दिसंबर को सुबह 11 बजे अस्पताल में निधन हो गया। वे 54 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उसी दिन शाम 5 बजे अंबाझरी घाट पर संपन्न हुआ। परिवार में उनकी पत्नी, मां, दो बेटियां, एक बेटा और दो भाई शामिल हैं। उनके निधन से परिवार और मित्रजनों में शोक मनाया गया.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 890-7 | 448-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 368-7 | 267-5 |

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, सोमवार, 16 दिसंबर 2024

## सूने घर से नगदी समेत 3.22 लाख का माल चोरी

**नागपुर.** गिट्टीखदान पुलिस थाना अंतर्गत हजारी पहाड़ परिसर में अज्ञात चोरों ने बंद घर का ताला तोडकर भीतर प्रवेश किया और 50,000 रुपये की नगदी समेत 3.22 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार हजारी पहाड़ निवासी कैलाश मुन्नालाल परिहार (65) अपने परिवार के साथ ग्वालियर गये हुए थे। करीब 4 दिन बाद घर लौटने पर उन्हें मेन डोर का ताला टूटा दिखाई दिया। भीतर जाकर देखने पर पता चला कि किसी ने अलमारी से नगदी और सोने-चांदी के गहनों समेत 3.22 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया है। गिट्टीखदान पुलिस को सूचित किया गया. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# आज से महाराष्ट्र विधानसभा का शीत सत्र शुरू

**विपक्ष अपनाएगा आक्रामक रुख** | **विपक्षी खेमे में बैठेंगे फडणवीस के विधायक!** | **सदन में कामकाज केवल छह दिनों का होगा**

**नागपुर।**

महाराष्ट्र विधानमंडल का शीतकालीन अधिवेशन उपराजधानी नागपुर में आज सोमवार से शुरू होगा। जबकि सत्रावसान 21 दिसंबर को होगा। प्रदेश की नई महायुति सरकार का बहुमत परीक्षण के बाद यह पहला सत्र होगा। नई सरकार और नए सदन में विधायकों के साथ सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि विपक्षी बेंचों पर होंगे। बंपर सफलता के साथ महायुति सरकार के खिलाफ विपक्ष की ताकत बहुत कम होगी। नागपुर की गुलाबी ठंड में शीतकालीन सत्र कितना गर्म होगा, इस पर ही विशेषज्ञों की नजरें रहेंगी।

नागपुर के सुपुत्र मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व में कई वर्षों के बाद उनकी कर्मभूमि पर शीतकालीन सत्र का आयोजन हो रहा है। 2014 से 2019 तक 5 साल और 12 दिन का कार्यकाल पूरा करने वाले फडणवीस 14वीं विधानसभा में केवल 5 दिनों के लिए मुख्यमंत्री रहे। इसके बाद 2024 में वह अभूतपूर्व सफलता के साथ तीसरी बार राज्य की बागडोर संभाल रहे हैं।



महायुति के पास सदन में 237 विधायक हैं जबकि विपक्षी बेंच में सिर्फ 50 सदस्य हैं। यह हॉल की अलग तस्वीर पेश करेगी। न सिर्फ सत्ता पक्ष के विधायक बल्कि मंत्री भी विपक्ष के बगल में बैठे नजर आएंगे। इसलिए यह महसूस करना सामान्य है कि मुख्यमंत्री फडणवीस अपनी ही पार्टी के विधायकों का मार्गदर्शन कर रहे होंगे। फिर भी लोकतंत्र में कम विपक्ष को भी उतना ही सम्मान मिलता है।

विधानमंडल सचिवालय का कहना है कि सिर्फ चर्चा होगी। तीन दिवसीय विशेष सत्र में कोई बड़ा कामकाज नहीं होने वाला है। इसके अलावा चूंकि विपक्ष के पास नई सरकार के प्रशासन की आलोचना करने के लिए कुछ भी नहीं है। इसलिए विपक्ष सरकार के गठन और मंत्रिमंडल के विस्तार पर भ्रम की स्थिति को लेकर आलोचना ही कर सकता है। सत्र के पहले दिन आज शोक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। सरकार कुछ सरकारी काम भी निपटाने की कोशिश में रहेगी।

दूसरे दिन से विपक्ष आक्रामक रुख अपनाएगा। इसमें प्रदेश में बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, किसानों की समस्याएं प्रमुख होंगी। मराठा आरक्षण पर भी विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। 6 दिवसीय सत्र में प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पादों की भारी क्षति, उद्योगों का राज्य से बाहर चले जाना आदि भी विपक्ष का मुख्य हथियार होगा।

### विपक्ष के सामने अस्तित्व दिखाने की चुनौती

विधानसभा में महायुति के तीनों दलों के पास छोटे दलों और निर्दलीयों को मिलाकर 237 विधायकों का समर्थन है। जबकि विपक्ष के गठबंधन महाविकास आघाड़ी के तीन पार्टियों को मिलाकर महज 46 विधायक हैं। इससे सदन में विपक्ष के सामने अपने अस्तित्व दिखाने की चुनौती होगी। क्योंकि महाराष्ट्र के इतिहास में हाल के वर्षों में यह पहला मौका होगा, जब विपक्ष सदन में संख्या बल के लिहाज से इतना कमजोर है।
कांग्रेस का ढुलमुल रवैया बरकरार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद कांग्रेस का ढुलमुल रवैया बरकरार है। विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित हुए हैं। चुनाव परिणाम के बाद सत्तारूढ़ और विपक्ष के दो दलों ने सदन के विधायक दल नेता का चयन कर लिया है। लेकिन तीन सप्ताह बाद भी कांग्रेस अभी तक विधानमंडल दल नेता, विधानसभा में विधायक दल नियुक्त नहीं कर पाई है। विधान परिषद में कांग्रेस के विधायक दल नेता सतेज पाटिल हैं।

## मंत्रि परिषद की बैठक हुई



**नागपुर।** महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर रविवार मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बैठक मुख्यमंत्री के रामगिरि स्थित सरकारी आवास पर हुई। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ-साथ मंत्रिमंडल के नवनियुक्त सदस्य, राज्य मंत्री उपस्थित थे। इस बैठक की शुरुआत में राज्य के पूर्व राज्यपाल एस.एम कृष्ण को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दे दी. वर्ष 2024 में राज्य विधानमंडल के चौथे सत्र में 14 अध्यादेशों को सदन के पटल पर रखकर विधेयक में तब्दील किया जायेगा। साथ ही 6 नए बिल भी पेश किए जाएंगे. कुल 20 विधेयकों पर विचार किया जाएगा।

### राज्य पर 7 लाख 11 हजार करोड़ का कर्ज

2022-23 में राज्य पर 6 लाख 29 हजार 235 करोड़ रुपये का कर्ज है। साल के दौरान इसमें 82,043 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। अब यह 7 लाख 11 हजार 278 करोड़ रुपये हो गया है। इसलिए हर नागरिक पर बहुत बड़ा कर्ज है। जनकल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करते समय राशि का प्रबंधन और मितव्ययता कैसे की जाए, यह इस शीतकालीन सत्र में अनुपूरक मांगों के प्रावधान से स्पष्ट हो होगा।

## नागपुर आगमन पर सीएम फडणवीस का जोरदार स्वागत

**नागपुर।**

राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नागपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस का नागपुरवासियों ने हवाई अड्डे पर अभूतपूर्व स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह नागपुर के लोगों के लिए गर्व का क्षण है और उन्होंने अपने आवास के पास छत्रपति चौक पर उन्हें गले लगाकर और प्यार से बधाई दी।



एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उन्होंने क्षेत्र में भारतरत्न डॉ.बाबासाहब अंबेडकर की प्रतिमा को नमन किया. इस अवसर पर विधायक चंद्रेशखर बावनकुले, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एड.धर्मपाल मेश्राम, पूर्व राज्य मंत्री सुलेखा कुम्भारे, पीरिपा के कार्यकारी अध्यक्ष जयदीप कवाडे, सुभाष पारधी एडराहुल जमरे, अनुसूचित जाति मोर्चा के सतीश शिरस्वान एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री फड़णवीस इस दौरान हेडगेवार स्मारक का दौरा किया और इस स्थान पर स्वतंत्रता की देवी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस भव्य विजय जुलूस में मुख्यमंत्री फडनवीस की पत्नी अमृता फड़नवीस शामिल हुईं. सोमलवाड़ा चौक, राजीव नगर, छत्रपति चौक, खामला, आठ रास्ता चौक, लक्ष्मी नगर, बजाज नगर, शंकर नगर, लक्ष्मी भुवन चौक पर स्थानीय नागरिक, कार्यकर्ता, अधिकारी और बड़ी संख्या में प्यारी बहनें इस भव्य जुलूस में शामिल हुईं और मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं।

## गोपालकाला में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नागपुर।** प्रेमनगर के हनुमान मंदिर में आयोजित श्री साईं गजानन महाराज सप्ताह के हीरक महोत्सव में रविवार को गोपाल काला व भारुंड का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र सहित बाहर से आए अनेक भक्त परिवार शामिल हुए।

मंदिर आयोजन समिति ने बताया कि ह.भ.प. विठ्ठल धोतडीकर महाराज अकोला के हाथों दही काला व गोपाल काला का कीर्तन हुआ। इस अवसर पर भारुंड का आयोजन किया गया। जिसका सभी ने आनंद उठाया।

सफ़लतार्थ सुधाकर कुंभलकर, तुकाराम दलाल, आशीष बोकडे, स्वप्निल इंगले, भूषण चौहान, सागर इंगले, संजय राऊत, राजेश मेहकर, दिनेश डांगे, अक्षय आष्टेवार, अनुराग बोकडे सहित प्रेमनगर के सभी नागरिक प्रयासरत हैं। 16 दिसंबर को महाप्रसाद का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। सभी से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील श्री साईं गजानन महाराज समिति, प्रेमनगर ने की है।



## रन फॉर यूनिटी में दौड़े युवा

**नागपुर।** अखिल भारतीय सैतवाल संस्था द्वारा और श्री सैतवाल जैन संगठन मंडल महिला व युवा शाखा, अखिल भारतीय पुलक मंच परिवार, श्री दिगंबर जैन युवक मंडल (सैतवाल) और महिला शाखा, महावीर यूथ क्लब, श्री महावीर गृह निर्माण सहकारी संस्था, महावीरनगर नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन रविवार की सुबह महावीरनगर मैदान से किया गया।



अखिल दिगंबर जैन सैतवाल संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री नितिन नखाते के मार्गदर्शन में संस्था के विदर्भ (पूर्व) के उपाध्यक्ष दिलीप राखे, महामंत्री श्रीकांत धोपाडे, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया वरिष्ठ महाप्रबंधक आशीष मेंढी, संस्था के नागपुर (पूर्व) के अध्यक्ष श्रीकांत तुपकर, सचिव उमेश फुलंबरकर, श्री दिगंबर जैन महासमिति महाराष्ट्र के महामंत्री दिलीप सावलकर, अखिल भारतीय पुलक मंच परिवार के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज बंड, श्री जैन सहायता ट्रस्ट के सचिव सुभाष मचाले, श्री सैतवाल जैन संगठन मंडल के पूर्व सचिव प्रकाश मारवडकर, संस्था के नागपुर (पश्चिम) के सचिव अरविंद हनवंते, पुलक मंच परिवार महावीर वार्ड नागपुर के अध्यक्ष जगदीश गिल्लरकर, अंबानगर जैन मंदिर के अध्यक्ष किशोर मेंढे, श्री दिगंबर जैन युवक मंडल (सैतवाल) नागपुर के सचिव अविनाश शहाकार उपस्थित थे।

मैराथन के संयोजक सचिन नखाते, अतुल महात्मे, मनोज मानेकर, अमोल बंड, निलेश विटालकर थे। सहसंयोजक अनूप गिल्लरकर, गौरव अवथनकर, निलेश महात्मे, राहुल महात्मे, राहुल नखाते, नितिन रोहने, निलेश घ्यार, सचिन येलवटकर, अमोल भुसारी, पराग पोहरे थे। मैराथान को झंडी दिखाकर जगदीश गिल्लरकर ने शुभारंभ किया।

2 कि. मी. मैराथान प्रथम शुभम प्रधान, द्वितीय अर्जुन बगालकर, तृतीय वीर नायक, चतुर्थ विशाल चानेकर, पांचवां अनुराग मोपकर, छठा अर्णव जैन, सातवां जयेश फूंडे, आठवां प्रणय महात्मे, नौवां राहुल महात्मे, दसवीं उर्वी चानेकर रही। सभी को प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। अखिल दिगंबर जैन सैतवाल संस्था द्वारा रन फॉर यूनिटी मैराथान से समाज में खुशी का वातावरण था। बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

## बुजुर्ग से हुई 5.08 लाख की ठगी

**नागपुर.** मनी लांड्रिंग के झूठे केस में फसाने और डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी देकर साइबर अपराधियों ने एक बुजुर्ग को 5.08 लाख रूपयों का चूना लगा दिया। अजनी पुलिस थाने में फरियादी अरुण यादव राव नंदनवार (65) प्लॉट नंबर 414,श्रीनगर इंप्रेस मिल सोसाइटी निवासी की शिकायत पर धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत यह मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार अरुण नंदनवार अपने घर पर मौजूद थे उसी दौरान चार दिसंबर की सुबह करीब 9:30 बजे उन्हें मोबाइल क्रमांक 87051516494 से एक कॉल आया जिसमें कॉल करने वाले आरोपी ने अरुण को बताया कि आपका नंबर दो घंटे में बंद होने वाला है। जब अरुण इसका कारण पूछा तो साइबर अपराधी ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर के खिलाफ 17 शिकायते मिली हैं और उनका नंबर गैर कानूनी है l आरोपी ने उन्हें मनी लांड्रिंग के केस में फसाने की धमकी देकर डिजिटल अरेस्ट करने का डर दिखाया। इसके लिए साइबर अपराधी ने अन्य अलग-अलग साथियों से पुलिस बनकर बात करवाई। वीडियो कॉल पर साइबर अपराधी ने डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी दी और उससे बचने के लिए पैसों की मांग की। इसके बाद अरुण ने अलग-अलग करीब 5 लाख 8680 रुपए अज्ञात साइबर ठग को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिये। इतने पैसे ट्रांसफर करने के बाद भी साइबर अपराधी और पैसों की मांग कर रहा था। बाद में अरुण को धोखाधड़ी होने की बात का अहसास होते ही उन्होंने इसकी शिकायत अजनी पुलिस से कर दी। पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

## नायलॉन मांजा के खिलाफ पुलिस की मुहिम

### चार गिरफ्तार, 184 चकरी सहित 3.38 लाख का माल जब्त

**नागपुर.**

शहर में प्रतिबंधित नायलॉन मांजे के खिलाफ पुलिस ने विशेष जांच मुहिम चलाई है। इसी कड़ी में पुलिस ने शहर के अलग-अलग जगह पर छापामार कार्रवाई कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 184 चकरी प्रतिबंधित नायलॉन मांजे को जब्त कर करीब 3 लाख 38000 रुपये का माल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में नर्मदा नानाजी नागपुरे (54) सर्वश्री नगर, दिघोरी, यशिष शरद कांबले 19) नालंदा नगर, अजनी, आयुष प्रफुल खोडगे 19) शताब्दी नगर अजनी और अनूप बालकृष्ण जांभुलकर 40) धम्मदीप नगर, यशोधरा नगर निवासी का समावेश है। क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने हुड़केश्वर पुलिस थाना अंतर्गत पेट्रोलिंग के दौरान मिली गोपनीय जानकारी के आधार पर नर्मदा नागपुरे के घर पर छापा मार कर 103 चकरी नायलॉन मांजे की पकड़ी है, जिसकी कीमत 154500 रुपये बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच यूनिट 4 की टीम ने अजनी परिसर में एक मोपेड गाड़ी क्रमांक एम एच 31 बी. ए.2364 पर जाते हुए आशीष कांबले और आयुष खोडगे को पकड़ा है। गाड़ी की तलाशी में 41 चकरी नायलॉन मांजे की मिली है। इस कार्रवाई के दौरान 151,500 रुपये का माल पुलिस ने जप्त किया है। तीसरी कार्रवाई यशोधरा नगर पुलिस में विनोबा भावे नगर में अंजाम दी। अनूप जांभूलकर नामक व्यक्ति के घर में छापा मार कर पुलिस ने 40 चकरी प्रतिबंधित नायलॉन मांजे की पकड़ी जिसकी कीमत 32000 रुपए बताई जारी है। चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## 2 बाइक आपस में भिंडी, 1 की मौत

**नागपुर.** हुडकेश्वर थाना अंतर्गत उमरेड रोड पर 2 बाइकों की जोरदार टक्कर हुई. इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम सुरेंद्रगढ़, गिट्टीखदान निवासी सुशील संजय कालमेघ (27) बताया जा रहा है। मृतक के मित्र उमरेड रोड निवासी निखिल बाबाराव बानाईत (24) की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गत 9 दिसंबर की शाम सुशील अपने मित्र नरसाला निवासी भूपेंद्र रमेश दुधबर्वे (33) के साथ दोपहिया क्र.एमएच-49/सीके-7361 पर सवार होकर वीआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज, उमरेड रोड से घर की ओर जा रहा था। शाम करीब 6 बजे उमरेड रोड पर कान्हा सेलिब्रेशन लॉन के पास बाइक क्र.एमएच-36/एएम-6877 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए भूपेंद्र के वाहन को जोरदार टक्कर मार दी।



## जनवरी में पहला फिल्म महोत्सव

**नागपुर.** तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय और नागपुर फिल्म फाउंडेशन के सहयोग से 11 और 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रसंत नागपुर फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस तरह का फिल्म महोत्सव नागपुर में पहली बार आयोजित किया जा रहा है और महोत्सव की फिल्म का अनावरण शनिवार, 14 दिसंबर 2024 को विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति डॉ. द्वारा किया जाएगा। प्रशांत बोकारे का अभिनंदन किया गया. माननीय कुलपति डॉ. प्रशांत बोकारे, द कपिल शर्मा शो के लेखक एकाग्र शर्मा, प्रभारी कुलपति डॉ. डॉ. राजेंद्र काकड़े, प्रो-चांसलर, गोंडवाना विश्वविद्यालय. श्रीराम कावले, रजिस्ट्रार डॉ. डॉ. राजू हिवसे, प्रबंधन परिषद के सदस्य। डॉ. समय बंसोड़, सदस्य अधिसभा. किशोर इंगले, यूनिवर्सिटी नॉलेज रिसोर्स सेंटर के निदेशक डॉ. विजय खांडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस 12 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस फिल्म फेस्टिवल में शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, चिल्ड्रन, कमर्शियल, कैंपस, रील, वर्टिकल, एनीमेशन आदि विभिन्न श्रेणियों में फिल्मों का निर्माण किया जा सकता है। इसके लिए महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, भविष्य का भारत, आदिवासी समाज, ग्रामीण विकास, लोक संस्कृति, जलवायु परिवर्तन, वीरता की कहानियां, नैतिक कहानियां, नागरिक जिम्मेदारी, भारतीय परिवार व्यवस्था, वोकल फॉर लोकल, विकसित भारत, इस महोत्सव में भारतीय ज्ञान परंपरा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी समेत कई अन्य विषय होंगे. प्रतियोगिता के विजेताओं को 2 लाख तक का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता का शुल्क पेशेवर समूह के लिए 500 रुपये और छात्रों के लिए 200 रुपये होगा। फिल्में भेजने की आखिरी तारीख 30 दिसंबर 2024 है. माननीय कुलपति डॉ. प्रशांत बोकरे ने आयोजकों को बधाई दी क्योंकि इस तरह का महोत्सव पहली बार नागपुर में आयोजित किया जा रहा था और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वह अपने मन में आने वाले विचारों को मूर्त रूप देने का काम कर रहे हैं और जो विचार उनके मन में आते हैं उन्हें वह बनाने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह क्षण नागपुर के इतिहास में दर्ज होगा. इस अवसर पर द कपिल शर्मा शो के लेखक श्री एकाग्र शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि फिल्म फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह महोत्सव सराहनीय है और हम यहां एक अच्छे विषय से जुड़ने आये हैं. इस मौके पर उन्होंने सिनेमा के क्षेत्र में अपने विभिन्न अनुभव व्यक्त किये. उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र नहीं होता तो देश नहीं होता, यह प्रोजेक्ट सफल होगा. दिलचस्प बात यह है कि आज प्रसिद्ध सिने अभिनेता राजकुमार की 100वीं जयंती है, इसलिए फिल्म लॉन्च कार्यक्रम यादगार रहेगा, आयोजक जय गाला ने कहा। सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनसंचार विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे. डॉ. प्रबास साहू, ललित कला एवं चांद मंदिर विभागाध्यक्ष। संयुक्ता थोरात, आयोजन समिति के सदस्य सर्वश्री अजय पोलिशाय, महेंद्र पेंढारकर, अंशुल खंडेलवाल, विनय चाहंदे, प्रवीण साहनी, साई देशपांडे, आस्था माने, जय गाला, ध्रुपद गाडे, हर्ष घरकाटे और अन्य उपस्थित थे।

## समाज का भविष्य बचाने परिवार बचाना जरूरी

### विजयशंकर मेहता ने प्रेरणा प्रवाह समारोह में पिता के महत्व पर डाला प्रकाश

**नागपुर।**

सिर्फ भारत एक ऐसा देश है जहां पर परिवार संस्था अब भी विद्यमान है। आज हमने आधुनिकीकरण के नाम पर हो रहे बदलावों को नहीं रोका तो आने वाले 15 सालों में बहुत बुरे परिणाम सामने आएंगे। माता-पिता नाम की संस्था में बच्चों को लालन-पालन के साथ ही संस्कार मिलते हैं जिससे मनुष्य का जीवन सुखी और सुरक्षित बना रहता है।



आज कैरियर की भागदौड़ में हमारे युवा अपने पारिवारिक मूल्यों को खो रहे हैं। हमारे बच्चों में समय पर विवाह, सन्तानोत्पत्ति को लेकर जो रवैया देखा जा रहा है, वह भविष्य के भारतीय समाज के लिए घातक है. इसके कारण हमारी आगामी पीढ़ी को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे. उक्त आशय के विचार जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजयशंकर मेहता ने 'तुम पालनहार हमारे' विषय पर स्व. मदनलाल सोनी के जन्म शताब्दी वर्ष पर 'प्रेरणा प्रवाह' समारोह के दौरान माहेश्वरी भवन, उमिया इंडस्ट्रियल एरिया, भंडारा रोड में कहे।

उन्होंने आगे कहा कि परिवार व्यवस्था के संचालन और सामाजिक संस्कारों को देने में पिता की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हैं. एक संतान को अपने पिता का महत्व उनके चले जाने के बाद महसूस होता है. जिस समय मनुष्य एक भ्रूण के रूप में माँ के गर्भ में रहता है, उन नौ महीनों में पिता उसके विकास में साथ-साथ चलता है. श्रीमद् भागवत में महर्षि वेदव्यास ने शिशु के गर्भ में विकास का बहुत वैज्ञानिक वर्णन किया है. कई बार एक पिता अपनी संतान को बहुत कठोर व अप्रिय फैसलों के द्वारा संस्कारों में ढालता है।

भगवान श्रीराम में जो सत्यपालन, नैतिकता के संस्कार आए, वे राजा दशरथ से ही आए थे। राजा दशरथ ने श्रीराम को औपचारिक शिक्षा महर्षि वशिष्ठ से दिलवाई परंतु संसार के संघर्ष को देखने के लिए महर्षि विश्वामित्र के साथ भेजा था। हनुमानजी में जो परोपकार के संस्कार आए वे उनके पिता शिवजी से आए। भगवान परशुराम को संस्कार पिता जमदग्नि से मिले। भगवान श्रीकृष्ण जब गोकुल को छोड़कर एक राजपुरुष के रूप में आगे की ओर निकले तब बूढ़े पिता नंदबाबा उन्हें आखिरी सीख देने मथुरा तक पहुँचे थे। पिता एक ऐसी पुस्तक है, जिसे पुत्र या पुत्री धीरे-धीरे पढ़ पाता है। पिता को पढ़ने का नियम ही है कि इनके जीवन का रोज एक पन्ना पढ़ना होता है। हमें इस माता-पिता रूपी व्यवस्था को बचाना है, ताकि भारतीय समाज का भविष्य सुरक्षित रहे. माँ लालन करती है पर पिता पालन करते हैं। दोनों संयुक्त होकर एक पारिवारिक संस्था का निर्माण करते हैं। इस माता- पिता नाम की संस्था को बच्चों में संस्कार भरने जरूरी है। सफ़लतार्थ श्याम सोनी, श्रीगोपाल सोनी, शरद सोनी, उषा सोनी, शीला सोनी, रूपाली सोनी, आयुषी सोनी, विहान सोनी सहित अन्य ने प्रयास किया।



आपके संघर्ष को जनता का साथ मिल गया, नेतृत्व को आपके जनता का विश्वास मिल गया
क्षेत्रवासियों को और आपको चुनाव जीत की बधाई, आपके चुनाव जीतने से क्षेत्र को विकास मिल गया
मा. श्री. चंद्रशेखरजी बावनकुले
आपको
कैबीनेट मंत्री
बनने पर
हार्दिक अभिनंदन
BJP
अनिल निधान
महामंत्री भाजपा नागपुर जिला
पूर्व विपक्ष नेता जिला परिषद
अजय अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
भाजपा नागपुर जिला
उमेश रडके
अध्यक्ष
कामठी तालुका
मोहन माकडे
सदस्य
जिला परिषद नागपुर
राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल
सदस्य
भाजपा नागपुर जिला
रवि गोयल
संयोजक
भाजपा व्यापार आघाडी नागपुर जिला
चेतन खडसे
सचिव
भाजयुमो महाराष्ट्र प्रदेश
कमल (लालू) यादव
मनोनित सदस्य
छावनी परिषद, कामठी
चंद्रशेखर तुप्पट
पूर्व अध्यक्ष
कामठी शहर भाजपा
पुष्पराज मेश्राम
अध्यक्ष
भाजपा सोशल मीडिया अनुसूचित जाति विदर्भ प्रदेश
पंकज वर्मा
संपर्क प्रमुख
कामठी शहर भाजपा
विजय कोंडुलवार
महामंत्री, भाजपा कामठी शहर
सदस्य, संजय गांधी निराधार योजना
आशुतोष अवस्थी
जिला सहसंयोजक
सोशल मीडिया भाजयुमो नागपुर
डॉ. महेश महाजन
सदस्य
समन्वय समिति नागपुर जिला
पंकज साबरे
सरपंच
रनाला ग्राम पंचायत
देवेंद्र उर्फ बालू गवते
पूर्व उपसभापति
पंचायत समिति कामठी
उमेश मस्के
अध्यक्ष
भाजपा व्यापार आघाडी कामठी तालुका
प्रशांत नायडू
पूर्व अध्यक्ष
भाजपा भीलगांव
भास्कर भनारे
अध्यक्ष
भाजपा भीलगांव
सुनील मोहोड़
अध्यक्ष
भाजपा रनाला
राजेश पीपरेवार
युवा सामाजिक कार्यकर्ता
संकलन : सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, उपसंपादक / स्पेशल रिपोर्टर, मो. 9604758944, 9881272088




आपलं नागपुर, आपला उत्सव
खासदार सांस्कृतिक महोत्सव
संकल्पना:
ना.नितीन गडकरी
खासदार सांस्कृतिक महोत्सव
13 से 23 दिसंबर
प्रस्तुति
डॉ. कुमार विश्वास
विश्व विख्यात राम कथा मर्मज्ञ एवं युग-वक्ता
सोमवार, 16 दिसंबर 2024
शाम 6:00 बजे
स्थल: ईश्वर देशमुख शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय
क्रीडा चौक, हनुमान नगर, नागपुर
अपने अपने राम
खासदार सांस्कृतिक महोत्सव नागपूर
विश्व वारकरी सेवा संस्था
प्रस्तुत
अभंग वारी
मंगळ. 17 दिसंबर
पंढरपूर आषाढी पायी वारीचे
दर्शन घडविणारा
'2000 वारकरी कलाकारांचा
नाट्य, नृत्य व संगीतमय
आविष्कार'
इस महोत्सव के अन्य कार्यक्रम
• प्रवेश निःशुल्क
• निमंत्रण पत्रिका अनिवार्य
बुध. 18 दिसंबर
'अभिजात मराठी'
भव्य सांगितीक कार्यक्रम
गुरु. 19 दिसंबर
'साउंड ऑफ इंडिया'
निलाद्री कुमार
शुक्र. 20 दिसंबर
'सनम बँड'
लाईव्ह इन कॉन्सर्ट
सोम. 23 दिसंबर
जुबिन नौटियाल
लाईव्ह इन कॉन्सर्ट
शनि. 21 दिसंबर
उदीत नारायण
लाईव्ह इन कॉन्सर्ट
रवि. 22 दिसंबर
विशाल मिश्रा
लाईव्ह इन कॉन्सर्ट
आयोजक:
खासदार सांस्कृतिक
महोत्सव समिती ,नागपुर
इस कार्यक्रम की
सभी पासेस सिर्फ
ऑनलाईन
उपलब्ध है।
SCAN FOR PASSES
प्रायोजक:
Reliance Industries Limited
Growth is Life
TVS
HYUNDAI
Ashok Leyland
Mahindra Rise.
TATA
Hero
BAJAJ
eka
CIAN Agro Industries & Infrastructure Ltd.
neu
Radisson BLU HOTEL NAGPUR
Le MERIDIEN
CENTRE POINT HOTELS & RESORTS
PRIDE HOTELS & RESORTS
HOTEL ASHOK
ENRISE by SAYAJI
UCN Digital TV & Broadband Services
Follow for live updates:
khasdarmahotsavnagpur
Khasdarmohtsngp
For visit for passes:
www.khasdarmahotsav.com